KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा - 12

भूगोल

मानव भूगोल के मूल सिद्धान्त

अध्याय–5

द्वितीयक क्रियाएँ

भाग - 1

पंकज वैष्णव

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

मानव भूगोल के मूल सिद्धांत

कक्षा 12 के लिए पाठ्यपुस्तक



विषय सूची

आमुख v
पाठ्यपुस्तकों में पाठ्य सामग्री का पुनर्संयोजन vii

इकाई-1
अध्याय 1
मानव भूगोल
प्रकृति एवं विषय क्षेत्र 1-6

इकाई-2
अध्याय 2
विश्व जनसंख्या
वितरण, घनत्व और वृद्धि 7-12

अध्याय 3
मानव विकास 13-20

इकाई-3
अध्याय 4
प्राथमिक क्रियाएँ 21-34

अध्याय 5
द्वितीयक क्रियाएँ 35-43

अध्याय 6
तृतीयक और चतुर्थ क्रियाकलाप 44-52

अध्याय 7
परिवहन एवं संचार 53-69


अध्याय 8
अंतर्राष्ट्रीय व्यापार 70-77

परिशिष्ट 78-80
शब्दावली 81-84

© NCERT not to be republished


KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

द्वितीयक क्रियाएँ



- द्वितीयक गतिविधियों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का मूल्य बढ़ जाता है।
- प्रकृति में पाए जाने वाले कच्चे माल का रूप बदलकर यह उसे मूल्यवान बना देती है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- खदानों से प्राप्त लौह-अयस्क का हम प्रत्यक्ष उपयोग नहीं कर सकते, परंतु अयस्क से इस्पात बनाने के बाद यह मूल्यवान हो जाता है, और इसका उपयोग कई प्रकार की मशीनें एवं औज़ार बनाने में होता है।
- इस प्रकार द्वितीयक क्रियाएँ विनिर्माण, प्रसंस्करण और निर्माण (अवसंरचना) उद्योग से संबंधित हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

विनिर्माण

- विनिर्माण का शाब्दिक अर्थ है 'हाथ से बनाना'।
- विनिर्माण से आशय किसी भी वस्तु के उत्पादन से है।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

हस्तशिल्प कार्य से लेकर लोहे व इस्पात को गढ़ना, प्लास्टिक के खिलौने बनाना, कंप्यूटर के अति सूक्ष्म घटकों को जोड़ना एवं अंतरिक्षयान निर्माण इत्यादि सभी प्रकार के उत्पादन को विनिर्माण के अंतर्गत ही माना जाता है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

विनिर्माण प्रक्रियाओं की सामान्य विशेषताएँ

- शक्ति का उपयोग
- वस्तुओं का विशाल उत्पादन
- कारखानों में विशिष्ट श्रमिक
- विनिर्माण आधुनिक शक्ति के साधन एवं मशीनरी के द्वारा या पुराने साधनों द्वारा किया जाता है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

आधुनिक बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण की विशेषताएँ

1. कौशल का विशिष्टीकरण/उत्पादन की विधियाँ

शिल्प तरीके से कारखाने में थोड़ा ही सामान उत्पादित किया जाता है। जो कि आदेशानुसार बनाया जाता है, अतः इसकी लागत अधिक आती है। जबकि अधिक उत्पादन का संबंध बड़े पैमाने पर बनाए जाने वाले सामान से है जिसमें प्रत्येक कारीगर निरंतर एक ही प्रकार का कार्य करता है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

2. यंत्रीकरण ✓

- यंत्रीकरण से तात्पर्य है किसी कार्य को पूर्ण करने के लिए मशीनों का प्रयोग करना।
- स्वचालित (निर्माण प्रक्रिया के दौरान मानव की सोच को सम्मिलित किए बिना कार्य) यंत्रीकरण की विकसित अवस्था है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

टेक्नोलॉजी

3. प्रौद्योगिकीय नवाचार

- प्रौद्योगिक नवाचार, शोध एवं विकासमान युक्तियों के द्वारा विनिर्माण की गुणवत्ता को नियंत्रित करने, अपशिष्टों के निस्तारण एवं अदक्षता को समाप्त करने तथा प्रदूषण के विरुद्ध संघर्ष करने का महत्त्वपूर्ण पहलू है।

4. अनियमित भौगोलिक वितरण

- आधुनिक निर्माण के मुख्य संकेंद्रण कुछ ही स्थानों में सीमित हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- विश्व के कुल स्थलीय भाग के 10 प्रतिशत से कम भू-भाग पर इनका विस्तार है।

5. संगठनात्मक ढाँचा एवं स्तरीकरण


- आधुनिक निर्माण की विशेषताएँ हैं-

(i) एक जटिल प्रोद्यौगिकी यंत्र

(ii) अत्यधिक विशिष्टीकरण एवं श्रम विभाजन के द्वारा कम प्रयास एवं अल्प लागत से अधिक माल का उत्पादन करना।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



(iii) अधिक पूँजी

(iv) बड़े संगठन एवं

(v) प्रशासकीय अधिकारी-वर्ग

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले कारक

- उद्योग अपनी लागत घटाकर लाभ को बढ़ाते हैं इसलिए उद्योगों की स्थापना उस स्थान पर की जानी चाहिए जहाँ पर उत्पादन लागत कम आए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

1. बाज़ार तक अभिगम्यता

- उद्योगों की स्थापना में सबसे प्रमुख कारक उसके द्वारा उत्पादित माल के लिए उपलब्ध बाज़ार का होना है।
- बाज़ार से तात्पर्य उस क्षेत्र में तैयार वस्तुओं की माँग एवं वहाँ के निवासियों में खरीदने की क्षमता (क्रय शक्ति) है।
- दूरस्थ क्षेत्र, जहाँ कम जनसंख्या निवास करती है छोटे बाज़ारों से युक्त होते हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- यूरोप, उत्तरी अमेरिका, जापान एवं आस्ट्रेलिया के क्षेत्र वृहद् वैश्विक बाज़ार हैं, क्योंकि इन प्रदेशों के लोगों की क्रय क्षमता अधिक है।

2. कच्चे माल की प्राप्ति तक अभिगम्यता (पहुंच)

- उद्योग के लिए कच्चा माल अपेक्षाकृत सस्ता एवं सरलता से परिवहन योग्य होना चाहिए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- भारी वजन, सस्ते मूल्य एवं वजन घटने वाले पदार्थों (अयस्क) पर आधारित उद्योग कच्चे माल के स्रोत स्थल के समीप ही स्थित हैं, जैसे इस्पात, चीनी एवं सीमेंट उद्योग।
- कच्चे माल के स्रोतों के समीप स्थापित उद्योगों के लिए पदार्थ की शीघ्र नष्टशीलता एक अनिवार्य कारक है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

3. श्रम आपूर्ति तक अभिगम्यता (पहुंच)

उद्योगों की अवस्थिति में श्रम एक प्रमुख कारक है। बढ़ते हुए यंत्रीकरण, स्वचलन एवं औद्योगिक प्रक्रिया के लचीलेपन ने उद्योगों में श्रमिकों पर निर्भरता को कम किया है, फिर भी कुछ प्रकार के उद्योगों में अब भी कुशल श्रमिकों की आवश्यकता होती है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



4. शक्ति के साधनों तक अभिगम्यता (पहुँच)

वे उद्योग जिनमें अधिक शक्ति की आवश्कता होती है वे ऊर्जा के स्रोतों के समीप लगाए जाते हैं, जैसे एल्यूमिनियम उद्योग। प्राचीन समय में कोयला प्रमुख शक्ति का साधन था पर आजकल जल विद्युत एवं खनिज तेल भी कई उद्योगों के लिए शक्ति का महत्त्वपूर्ण साधन है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

पहुंच

5. परिवहन एवं संचार की सुविधाओं तक अभिगम्यता

- कच्चे माल को कारखाने तक लाने के लिए और परिष्कृत सामग्री को बाज़ार तक पहुँचने के लिए तीव्र और सक्षम परिवहन सुविधाएँ औद्योगिक विकास के लिए अत्यावश्यक हैं।
- परिवहन लागत किसी औद्योगिक इकाई की अवस्थिति को निश्चित करने में महत्त्वपूर्ण कारक हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- पश्चिमी यूरोप एवं उत्तरी अमेरिका के पूर्वी भागों में अत्यधिक परिवहन तंत्र विकसित होने के कारण सदैव इन क्षेत्रों में उद्योगों का संकेंद्रण हुआ है।

6. सरकारी नीति

- संतुलित आर्थिक विकास हेतु सरकार प्रादेशिक नीति अपनाती है जिसके अंतर्गत विशिष्ट क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना की जाती है।